दिन—बुधवार दिनांक— 26 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

भारतीय जनता पार्टी के ओम बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें ध्वनिमत से निर्वाचित घोषित किया गया। कांग्रेस ने इस पद के लिए के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। हालांकि पार्टी ने अध्यक्ष पद के निर्वाचन के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, ओम बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। इससे पहले आज सुबह सदन की कार्यवाही की शुरूआत में प्रधानमंत्री श्री मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बारह अन्य नेताओं ने श्री बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने का प्रस्ताव पेश किया। वहीं, विपक्ष की ओर से, शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले और समाजवाद पार्टी के आनंद भदौरिया ने श्री के. सुरेश के पक्ष में प्रस्ताव रखा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बन रहा है। श्री मोदी ने कहा कि सदन अगले पांच वर्षों तक उनके मार्गदर्शन का लाभ उठायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसद के रूप में श्री बिरला का काम नये सदस्यों के लिए प्रेरणास्रोत होगा। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्री बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के समर्थन का आश्वासन दिया। श्री गांधी ने कहा कि सहयोग विश्वास के आधार पर होता है और विपक्ष को अपने विचार रखने का अवसर दिया जाना चाहिए।

———————————————————————

इससे पूर्व अठारहवीं लोकसभा में नवनिर्वाचित सांसदों की शपथ लेने की प्रक्रिया कल पूरी हो गई। दो दिनों तक चला शपथ ग्रहण समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुआ था। श्री मोदी लोकसभा में सदन के नेता हैं। पहले दिन कुल दो सौ छियासठ सांसदों ने शपथ ली और बाकी सांसदों ने कल शपथ ली। पांच सांसदों का शपथ ग्रहण नहीं हो सका। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इसके बाद मौजूदा सत्र में विधायी कार्य निपटाये जायेंगे।

———————————————————————

भोजपुर के अगिआंव विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायक भाकपा माले के शिव प्रकाश रंजन को आज सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई जायेगी। जानकारी के अनुसार शाम चार बजे विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव उन्हें शपथ दिलायेंगे। इधर, रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन वापस लिये जाने का आज अंतिम दिन है। इससे पूर्व नामांकन पत्रों की जांच में एक नामांकन रद्द कर दिया गया था। जबकी बारह उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया है। राजद से बीमा भारती, जदयू से कलाधर प्रसाद मंडल और निर्दलीय शंकर सिंह समेत बारह उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान दस जुलाई को होगा और मतों की गिनती तेरह जुलाई को की जाएगी।

———————————————————————

राज्य के अधिकांश भागों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाये हुये हैं। कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य के उत्तर–पश्चिम क्षेत्र से मॉनसून की ट्रफ रेखा गुजर रही है। जिसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तरी भागों में कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश का पूर्वानुमान है जबकि पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय समेत प्रदेश के दक्षिणी भागों में अनेक स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है। विभाग ने कहा है कि अगले दो तीन दिनों में पूरे राज्य में मॉनसून के सक्रिय होने की सम्भावना है, इसे देखते हुये कल और परसो राज्य के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज आंधी चलने और वज्रपात की आशंका है।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के सिकटा प्रखंड अन्तर्गत सेनुवरिया गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गयी जबकि एक बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गयी।

———————————————————————

सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत दुअनिया मोड़ के पास एनएच सत्तावन पर सड़क हादसे में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————

खगड़िया जिले के एसटीएससी विशेष अदालत ने एक महिला से दुर्व्यवहार के मामले में दो दोषियों को दो–दो वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर तीन–तीन हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————————————————

नवादा जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत भनैल लोदीपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में एक महिला समेत तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर तेजाब से हमला कर दिया।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।